प्रेस रिलीज़

नई दिल्ली
दिनांक 16.08.2018

इरकॉन की सीएसआर पहल से नेत्रहीन स्कूल को मिल रही सौर ऊर्जा से बिजली, होगी रु. 2.76 लाख की सालाना बचत

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड (इरकॉन) ने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत जनता आदर्श अंध विद्यालय, सादिक़ नगर, नई दिल्ली की बुनियादी संरचना को अपग्रेड करने में मदद की है। इरकॉन ने स्कूल भवन की छत पर 30 किलोवॉट के सोलर पैनल तथा एलईडी लाइटिंग इंस्टाल किया है, जिससे स्कूल के परिचालन लागत में काफ़ी कमी आई है। जनता आदर्श अंध विद्यालय नेत्रहीन छात्रों के लिए एक रिहायशी स्कूल है, जिसमें पहली से आठवीं कक्षा के 120 विद्यार्थी पढ़ते हैं।

सोलर पैनलों के इंस्टालेशन से कार्बन उत्सर्जन में कमी आई है। इस क़दम से बिजली की कमी की समस्या का स्थायी समाधान निकल सकेगा और बिजली के बिल में भी भारी बचत होगी। इरकॉन की इस सीएसआर पहल के परिणामस्वरूप, स्कूल हर महीने बिजली के बिल में लगभग रु. 23,000 की बचत कर सकेगा। इस प्रकार उसे रु. 2.76 लाख की सालाना बचत होगी, जिसका इस्तेमाल नेत्रहीन छात्रों की शिक्षा के लिए किया जा सकेगा।

वेबसाइट: www.ircon.org
प्रकाशन/प्रसारण के लिए
फ़ोटोग्राफ़ संलग्न

भवदीय
जन संपर्क, इरकॉन

Press Release

New Delhi,
Dated 16.08.2018

School for visually challenged students in Delhi goes solar under IRCON's CSR Initiative, generates annual savings of Rs. 2.76 lakhs

IRCON International Ltd (IRCON), under its CSR Initiative, has supported Janta Adarsh Andh Vidyalaya, Sadiq Nagar, New Delhi by upgrading the infrastructure facilities. IRCON has installed 30 kW solar panels and LED lighting on the rooftop of the school building to save the operational cost of the school. Janta Adarsh Andh Vidyalaya is a residential school for visually challenged and is currently serving 120 children from class 1^{st} to 8^{th} standard.

Installation of Solar Panels has successfully reduced the carbon footprint thereby promoting sustainable solution to power shortage and heavy electricity bills. Thus, as an outcome of this CSR initiative, now the school would be able to save around Rs. 23,000 per month i.e saving of Rs. 2.76 lakhs annually by way of electricity bills which will eventually be utilized for the education of the visually challenged students.

web: www.ircon.org

For publication/telecast, please

Photographs enclosed separately.

Regards

Public Relations, IRCON